# प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 06.11.23

## क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद द्वारा अन्तर्राज्यीय 02 विदेशी तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 415 ग्राम स्मैक बरामद

दिनाँक-05/11/2023 को क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद टीम द्वारा थाना कविनगर क्षेत्र से अन्तर्राज्यीय 02 विदेशी तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 415 ग्राम स्मैक (अनुमानित कीमत लगभग 12 लाख रूपये ) बरामद।

**पूछताछ का विवरण:-** पूछताछ में अभियुक्त INNOCENT S/O UNEZURUIKE ने बताया कि वह नाईजीरिया का रहने वाला है तथा वर्ष 2019 से विकासपुरी दिल्ली में रहता है तथा जीवन यापन के लिए दिल्ली एन0सी0आर0 क्षेत्र, नोएडा, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, पंजाब व नेपाल मे स्मैक सप्लाई करता है तथा वह अपनी महिला साथी जो तन्जानिया की रहने वाली है के साथ दिल्ली एन0सी0आर0 क्षेत्र में स्मैक की तस्करी करने जा रहा था कि पकडे गये, इससे पूर्व भी ये दोनो दिल्ली एन0सी0आर0, नोएडा, मुजफ्फरनगर, शामली, बागपत, पंजाब व नेपाल मे स्मैक की तस्करी कर चुके हैं।
अभियुक्त से पूछताछ पर मादक पदार्थों के बिक्री व तस्करी करने वाले अपराधियों के सम्बन्ध में कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिली हैं। जिसके आधार पर टीमें बनाकर माल बरामदगी व गिरफ्तारी हेतु दबिशें दी जा रही हैं।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-.**
1.INNOCENT S/O UMEZURUIKE R/O OWERRI IMO STATE NIGERIA हाल पता विकासपुरी दिल्ली
2.महिला अभियुक्ता।

**बरामदगी का विवरण**:-
स्मैक - 415 ग्राम

**गिरफ्तार करने वाली टीम:-**
सहायक पुलिस आयुक्त कविनगर व क्राइम ब्रान्च पुलिस टीम।

## थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वाछित एक अभियुक्त गिरफ्तार

दिनांक 04.11.2023 को थाना लोनी बॉर्डर पर वादिया ने अभियुक्त आशीष पुत्र कृष्णपाल निवासी गड्डा कालोनी थाना लोनी बॉर्डर जनपद गाजियाबाद द्वारा वादिनी के साथ जबरजस्ती बलात्कार करने व रास्ते मे आते जाते पीछा करने व धमकी देने के सम्बन्ध मे प्रार्थना पत्र दिया। थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा

तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गयी। दिनांक 06.11.2023 को थाना लोनी बॉर्डर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त आशीष कश्यप पुत्र कृष्णपाल निवासी कबूलनगर बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता** –

आशीष कश्यप पुत्र कृष्णपाल निवासी कबूलनगर बेहटा हाजीपुर थाना लोनी बॉर्डर गाजियाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली टीम** –

थाना लोनी बॉर्डर।

## क्राइम ब्रांच द्वारा 01 गाँजा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 10 किलो अवैध गांजा (कीमत करीब 05 लाख रु0) बरामद।

दिनांकः 05/11/2023 को क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा वेव सिटी थाना क्षेत्र से एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की गयी है, जिसके कब्जे से 10 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ जिसकी अनुमानित कीमत 05 लाख रूपये है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

1.सोनू पुत्र राजकपूर नि म0न0- ,547सैक्टर 11-विजयनगर गाजियाबाद उम्र करीब 47 वर्ष

**पूछताछ का विवरण-** पूछताछ पर अभियुक्त सोनू ने बताया कि वह विजय नगर गाजियाबाद का रहने वाला है तथा ज्यादा पढा लिखा न होने के कारण बेरोजगार था जिसके कारण घर का खर्चा सही से नही चल पाता था तो गाँजा तस्करी का काम करने लगा अब दिल्ली एन0सी0आर0 व गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में गांजे की सप्लाई करता हूँ। वे लोग छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर अपने लडको के द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में गाँजा बेचते हैं। इससे उसको काफी आमदनी होती है। जिससे वह अपने खर्चे व शौक पूरे करता हैं। वह यह काम करीब 6-7 वर्षो से कर रहा है।

अभियुक्त से पूछताछ पर मिली जानकारी के आधार पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु टीमें बनाकर दविशें दी जा रही हैं।

**अभियुक्त से बरामदगी का विवरण** –

1. गांजा नाजायज - 10 किलोग्राम

**आपराधिक इतिहास-**

अभियुक्त सोनू के विरूद्ध गाजियाबाद मे 02 अभियोग पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद

**स्वाट टीम ग्रामीण व थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा महिला शिक्षिका के साथ हुई कार लूट की घटना का सफल अनावरण कर 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से लूटी गयी कार होंडा अमेज, 02 अवैध तमंचे व 02 जिंदा कारतुस बरामद**

दिनांक 26.10.2023 को थाना लोनी क्षेत्रांतर्गत एक महिला शिक्षिका के साथ अज्ञात बदमाशो द्वारा रास्ता रोककर तमंचा दिखाकर उनकी कार अमेज होण्डा को लूट लिया गया था। थाना लोनी पुलिस द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घटना का अनावरण करने, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर माल बरामद करने हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया।

स्वाट टीम ग्रामीण व थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी फुटेज, सर्विलांस व मैनुअल इन्पुट के माध्यम से उक्त कार लूट की घटना का सफल अनावरण किया गया तथा दिनांक 05/06.11.2023 की रात्रि में चेकिंग के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त दीपांशू पुत्र धर्मपाल निवासी ग्राम सकलपुरा थाना लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष को पुलिस मुठभेड के बाद घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फर्जी नम्बर प्लेट लगी मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा, 01 जिंदा कारतुस व 01 खोखा कारतुस .315 बोर बरामद हुआ।

आज दिनांक 06.11.23 को स्वाट टीम ग्रामीण व थाना लोनी पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर फरार चल रहे अभियुक्तगण 1. सागर उर्फ विहान पुत्र रमेश नि0 ग्राम खेडा थाना सरधना जिला मेरठ, 2.प्रिंस उर्फ कलुआ पुत्र पदम सिंह नि0 ग्राम चितेहरा थाना दादरी जि0 गौतमबुद्धनगर, 3.रोहित पुत्र गौपाल निवासी राम बिहार बंथला थाना लोनी गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से लूटी गयी कार होंडा अमेज, 02 अवैध तमंचे व 02 जिंदा कारतुस .315 बोर बरामद हुए। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि हम सबने मिलकर योजना बद्ध तरीके से अपने साथी आशू पुत्र जग्गू निवासी कालीचरण मार्केट कासना थाना बीटा 2 जिला गौतमबुद्धनगर के साथ मिलकर गढी सिरौरा रोड, मुर्गी फार्म के पास धारीपुर गांव के पास एक महिला से तमंचे दिखाकर उसकी होण्डा अमेज कार छीनकर ले गये थे। उसी कार को आज हम लोग बेचने के लिए जा रहे थे, गाडी की नम्बर प्लेट हमने पुलिस से बचने के लिए हटा रखी थी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-**

1.सागर उर्फ विहान पुत्र रमेश निवासी ग्राम खेडा थाना सरधना जिला मेरठ मूल निवासी ग्राम पिथौरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर, उम्र करीब 20 वर्ष,

2. प्रिंस उर्फ कलुआ पुत्र पदम सिंह निवासी ग्राम चितेहरा थाना दादरी जि0 गौतमबुद्धनगर, उम्र करीब 20 वर्ष,

3. रोहित पुत्र गोपाल निवासी राम बिहार बंथला थाना लोनी गाजियाबाद, उम्र करीब 21 वर्ष,

**<u>आपाधिक इतिहास-</u>**

अभियुक्त सागर के विरुद्ध जनपद मुजफ्फरनगर मे लूट का 01 अभियोग पंजीकृत है, अभियुक्तों के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

- लूटी गयी कार होंडा अमेज,
- अभियुक्त सागर व प्रिंस उर्फ कलुआ से 01-01 अवैध तमंचा व 01-01 जिंदा कारतुस,

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम</u>**

स्वाट टीम ग्रामीण व थाना लोनी पुलिस टीम,

## स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना लोनी पुलिस द्वारा थाना लोनी क्षेत्र से कार लूट में वांछित बाइक सवार अपराधी से हुई मुठभेड़ मे 01 अपराधी गोली लगने से घायल हुआ है/गिरफ्तार अभियुक्त से अवैध शस्त्र तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है

- अवगत कराना है कि दिनांक 05/11/2023 को मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान बंथला से चिरोड़ी जाने वाली नहर की पटरी के पास सकलपुरा चौराहे पर स्वाट टीम ग्रामीण एवं थाना लोनी पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व हथियारों के बल पर दिनदहाड़े जावली निवासी एक शिक्षिका से अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर होंडा इमेज कार लूट में वांछित अपराधी एवं गाजियाबाद पुलिस में हुई मुठभेड़ के दौरान 01 अपराधी दीपांशु पुत्र धर्मपाल निवासी सकलपुरा थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस मुठभेड़ के दौरान पैर मे गोली लगने से घायल हुआ है तथा गिरफ्तार मुख्य अभियुक्त

पर लूट/चोरी एवं हत्या का प्रयास आदि के अभियोग पंजीकृत हैं तथा मुठभेड़ में घायल अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है □

**पूछताछ का विवरण**

मुठभेड़ में घायल गिरफ्तार अभियुक्त दीपांशु ने पूछने पर बताया कि मैंने इसी मोटरसाइकिल से अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर कुछ दिन पूर्व लोनी क्षेत्र से होंडा इमेज कार एक महिला से हथियारों के बल पर छीनी थी जो मेरे फरार साथियों के पास है

## बरामदगी का विवरण

1-01 बाइक घटना में प्रयुक्त

3-01 तमंचा 315 बोर मय जिंदा व खोखा कारतूस

## अभियुक्त का नाम पता

1- दीपांशु पुत्र धर्मपाल निवासी सकलपुरा थाना लोनी कमिश्नरेट गाजियाबाद

## गिरफ्तार करने वाली टीम

1- स्वाट टीम ग्रामीण

2- थाना लोनी पुलिस

**थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान कृष्णा जूस कार्नर चौराहा शालीमार गार्डन गाजियाबाद से दिनांक 05.11.2023 को अभियुक्त जावेद खान पुत्र शमीम खान निवासी ई-43, नई सीमा पुरी बंगाली कालोनी थाना सीमापुरी नई दिल्ली को चोरी की एक मोटर साइकिल अपाचे सहित गिरफ्तार किया गया है जिसके सम्बन्ध मे ई-एफआईआर क्राइम ब्रांच ई-पुलिस स्टेशन दिल्ली पर पंजीकृत है। अग्रिम वैधानिक कार्यावही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

जावेद खान पुत्र शमीम खान निवासी ई-43, नई सीमा पुरी बंगाली कालोनी थाना सीमापुरी नई दिल्ली

**बरामदगी का विवरण**

चोरी की 01 मोटर साइकिल रजि0 न0 DL1SZ9759 अपाचे

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर एक अभियोग चोरी की मोटरसाईकल बरामद होने व क्राईम ब्रांच ई- पुलिस स्टेशन दिल्ली पर एक अभियोग चोरी का पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम

**थाना शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की बेट्री बेचकर प्राप्त किये हुए 1600 रु0 बरामद।**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पप्पू कालोनी शालीमार गार्डन गाजियाबाद के कब्रिस्तान के कोने पर दिनांक 05.11.2023 को अभियुक्त शहनवाज उर्फ शाहरुख पुत्र जमीन निवासी डी-169, नई सीमा पुरी थाना सीमा पुरी दिल्ली उम्र 25 वर्ष को 03 गाड़ियो की बैट्री को चोरी कर बेचने से प्राप्त 1600 रु0 व 600 नशीली गोली एल्प्राजोलम सहित गिरफ्तार किया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्यावही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता**

शहनवाज उर्फ शाहरुख पुत्र जमीन निवासी डी-169, नई सीमा पुरी थाना सीमा पुरी दिल्ली उम्र 25 वर्ष

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

1600 रुपये नगद (चोरी की बैट्री बेचकर प्राप्त किये हुये)

600 नशीली गोली एल्प्राजोलम

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः-</u>**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम

**कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना मे वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 31.10.2023 को वादी श्री राजकुमार पुत्र विजय कुमार निवासी म0नं0 283 गली नं0 6 चरण सिंह थाना विजयनगर गाजियाबाद की तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा वादी के साले की हत्या करने की सूचना पर थाना विजयनगर पर तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया। उक्त अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त तरूण कुमार को दिनांक 05.11.2023 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**कार्यवाही का विवरण -** घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों के अथक प्रयास एवं आस पास के सीसीटीवी फुटैज , मोबाइल सर्विलांस, मैनुअल इंटेलीजेन्स एवं लोकल इनपुट एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर आज दिनांक 06.11.2023 को अभियुक्त आकाश नाथ उर्फ लूली पुत्र शिवशंकर नाथ निवासी एम- 57 चरण सिह कालोनी गली नं0 02 मैन रोड़ प्रतापविहार विजयनगर गाजियाबाद को कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस टीम द्वारा आरओबी पुल की ढलान के नीचे स्टेशन की तरफ विजयनगर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>पूछताछ का विवरणः-</u>**

गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि अरूण कुमार (मृतक), तरूण कुमार व गौरव उर्फ सिमरू हम चारो दोस्त थे हम चारो नशा करने एवं जुआं खेलने के आदी थे दिनांक 27.10.2023 को रात्रि में हम चारो ने एक साथ बैठकर नशा किया एवं जुआ खेला था अरूण कुमार जुआ में जीत गया था उसके बाद हम चारो लोग खाना लेने गये थे, मैं तथा तरूण व गौरव तीनो मोटर साईकिल से खाना लेकर K.A कॉलोनी के लिये चल दिये थे उसके गेट के बगल में पेड़ के नीचे रूक गये तथा थोड़ी देर बाद अरूण भी पीछे से आ गया और गाली गलौज करते हुये कहने लगा तुम मुझे मोटर साईकिल पर क्यों नही बैठाकर लाये तभी मैने कहा था कि मोटर साईकिल तेरे बाप की नही है मैं जिसे चाहुँगा उसे बैठाऊंगा इसी बात को लेकर हम लोगो में मारपीट शुरू हो गयी तथा तब हम तीनों ने कहा कि आज इस साले को जान से मार दो तभी मैने पास में पड़ी ईट उठाकर अरूण के सिर पर जान से मारने की नियत कई वार किये और तथा तरूण कुमार व गौरव दोनो ने भी लात घूसो से उसको तब तक मारा जब तक वह जमीन पर गिर नही गया जब हमे विश्वास हो गया कि अरूण की मृत्यु हो गयी है तब हम तीनों ईट को वहीं छिपाकर मोटर साईकिल पर बैठकर भाग गये थे।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. आकाश नाथ उर्फ लूली पुत्र शिवशंकर नाथ निवासी एम- 57 चरण सिह कालोनी गली नं0 02 मैन रोड़ प्रतापविहार विजयनगर गाजियाबाद उम्र 20 वर्ष।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहासः-**

1. अभियुक्त आकाश नाथ उर्फ लूली उपरोक्त पर – 01 अभियोग गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित, 02 अभियोग हत्या से सम्बन्धित, 02 अभियोग मारपीट से सम्बन्धित, कुल 05 अभियोग थाना विजयनगर पर पंजीकृत है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम